एक जनपद-एक उत्पाद समिट

यूपी के उत्पादों की देश भर में करें ब्रांडिंग : कोविंद

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रदेश के 4095 लाभार्थियों को दिए 1007 करोड़ रुपये के ऋण

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राजधानी में एक जनपद-एक उत्पाद समिट (ओडीओपी) का उद्घाटन करते हुए प्रदेश सरकार को ओडीओपी उत्पादों की ब्रांडिंग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उत्पादों के प्रति रुचि जगाने के लिए ब्रांडिंग बेहद जरूरी है। ओडीओपी उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए देश के 7-8 प्रमुख शहरों में 10 से 15 दिनों की प्रदर्शनी लगाई जाएं। इनमें राज्यपाल या मुख्यमंत्री उपस्थित रहें। मेजबान राज्य के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाए। ऐसा करके उत्पादों के प्रति आकर्षण बढ़ाया जा सकता है।

कोविंद ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समिट के दौरान एक क्लिक से 4095 लाभार्थियों के खातों में 1007 करोड़ रुपये के ऋण भेजे। इसके साथ ही एमएसएमई उद्यमियों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि हमें कम मेहनत में व्यवसाय या नौकरी की तरफ आकर्षित होने की मानसिकता को बदलना होगा। इस मौके पर प्रदेश सरकार और विप्रो जी हेल्थ केयर लिमिटेड, अमेजन, क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) व बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के बीच एमओयू भी साइन किए गए।

ओडीओपी समिट में लाभार्थी को चेक देते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। साथ में राज्यपाल राम नाईक व सीएम योगी।

ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बन सकता है यूपी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि यूपी में देश की सबसे बड़ी वर्क फोर्स है। यूपी ट्रिलियन डॉलर यानी 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

थिंक ग्लोबल एक्ट लोकल

कोविंद ने कहा कि इस समिट में ई-मार्केटिंग, जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट और पूंजी निवेश में सहायता के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू किए गए हैं। इससे जिला स्तर पर उत्पादकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। थिंक ग्लोबल-एक्ट लोकल की सोच के अनुसार स्थानीय कौशल को प्रोत्साहन देकर जिलों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार के लायक बनाया जा सकता है।

>> बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : पेज 4

5 साल में 25 लाख नौकरियां व रोजगार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) से यूपी की छवि बदल जाएगी। प्रदेश को उद्यम व पुरुषार्थ से नई छवि में बदलने के लिए ओडीओपी समिट बड़ी पहल है। इससे हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार और नौकरियां मिलेंगी। 5 साल में 25 लाख नौकरी व रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

सीएम ने कहा- ओडीओपी से रुकेगा पलायन, अपने गांव-जिले में मिलेगा रोजगार

सीएम योगी ने उद्घाटन सत्र में कहा कि ओडीओपी से युवाओं को अपने घर, गांव, जिले व प्रदेश में रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा। जो पलायन कर गए हैं, वे लौटकर आएंगे और अपना उद्यम, रोजगार शुरू करेंगे। सीएम ने कहा कि ओडीओपी से जुड़े उद्यमों के प्रोत्साहन के लिए 5 प्रतिष्ठित संस्थाओं से एमओयू किए गए हैं। इससे उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण, मार्केटिंग, ब्रांडिंग का लाभ मिलेगा। ब्यूरो

जो कहा, वह कर दिखाया

सीएम ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के पहले लोग कहते थे कि बहुत समिट हो जाती है, पर कोई आता नहीं। हमने वादा किया था कि जो कर रहे हैं, उसे जमीन पर उतारेंगे। फरवरी की इन्वेस्टर्स समिट में 4.68 लाख करोड़ के एमओयू हुए। 5 महीने में 50 हजार करोड़ की 81 परियोजनाओं का शिलान्यास कराया। 50 हजार करोड़ की नई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। 2-3 महीने में इनका भी शिलान्यास कराया जाएगा। सीएम ने कहा कि ओडीओपी का लाभ दिलाने के लिए मुद्रा योजना, स्टैंडअप योजना, स्टार्ट अप योजना, रोजगार प्रोत्साहन कार्यक्रम से लाभ दिलाया ही जाएगा, प्रदेश सरकार ने ओडीओपी के लिए 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

>> यूपी बनेगा ब्रांड : पेज 3